## सार-समाचार

### विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग उदयपुर में वर्ल्ड हेल्थ डे 2025 का आयोजन किया गया कार्यक्रम शुभारंभ डीन प्रोफेसर डॉ. विजया अजमेरा गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ. योगेश्वर पुरी गोस्वामी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रोफेसर कमलेश जोशी , एकेडमिक इंचार्ज प्रोफेसर जयेश पाटीदार समस्त विभाग अध्यक्ष , फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।विश्व स्वस्थ्य दिवस के उपलक्ष में विशेषज्ञ सत्र, एक्सटेम्पोर स्पीच, प्रश्नोत्तरी, निबंध प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन आदि का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ सत्र इंद्रजीत सिंह शक्तावत विभागाध्यक्ष बाल स्वास्थ्य नर्सिंग, नरेश कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर गायनेकोलॉजी नर्सिंग, पियूष कुमार जैन विभागाध्यक्ष मेडिकल सर्जिकल नर्सिंग, हरेंद्र गहलोत असोसिएट प्रॉफेसर मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग, नरेश साल्वी असिस्टेंट प्रोफेसर सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग द्वारा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डीन प्रोफेसर डॉ. विजया अजमेरा ने छात्रों को हेल्दी बिगनिंग के लिए सकारात्मक एवं स्वास्थ्य जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा कविता गांव में रैली एवं अवेयरनेस कैंपेन के द्वारा हेल्थी लाइफस्टाइल के लिए लोगों को जागरूक किया। अंत में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम हेतल दरजी ,द्वितीय सुहानी पाटीदार, पोस्टर प्रेजेंटेशन में कनिष्का जोशी प्रथम एवं कोमल रावल द्वितीय, एक्सटेम्पोर में शीतल प्रथम एवं अनामिका मीणा द्वितीय एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ग्रुप बी हितांश, महेंद्र, देवेंद्र एवं द्वितीय ग्रुप इ विकास, सचिन, मुकुल आदि छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। मंच संचालन हरिबाला पालीवाल असोसिएट प्रॉफेसर एवं विपिन तंवर असिस्टेंट प्रोफेसर ने किया।

### होटल संचालक के साथ मारपीट

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बस स्टैंड के पास बाइक सवार 2 बदमाशों ने एक होटल संचालक के साथ मारपीट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश होटल संचालक से फ्री में नाश्ता मांग रहे थे और मना करने पर बदमाशों ने लट्ठ और लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। लोगों की भीड इकट्ठी होने पर बदमाश मौके से भाग गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मारपीट की घटना रोडवेज बस स्टैंड के पास माथुगामडा रोड पर रतलामी नमकीन की दुकान पर हुई। बाइक लेकर आए 2 बदमाशों ने पहले होटल संचालक राजेंद्र शर्मा से फ्री में कचौरी मांगी। जिस पर उसने इंकार कर दिया। इस पर दोनों बदमाशों ने लठ और लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। लोगों की मौके पर भीड जमा हो गई। पीडति की पत्नी और बच्चे छुडाने की कोशिश करते रहेए लेकिन बदमाश मारपीट करते रहे। मारपीट की घटना को देखते ही आस पास के व्यापारी दुकानें बंदकर चले गए। मौके पर भीड बढती देखकर बदमाश बाइक लेकर गोकुलपुरा की ओर भाग गए। मारपीट की वजह से होटल संचालक को चोटें भी आई हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। व्यापारी शर्मा ने पुलिस को बताया कि दोनों बदमाशों में से एक सामने ही पेट्रोल पंप के बाहर सब्जी बेचता है तो दूसरा जीप चलाता है। आए दिन इसी तरह डिपो के आस पास मारपीट और लूट की वारदातें दोनों बदमाश अपने साथियों के साथ मिलकर करते रहते हैं। व्यापारी डर के चलते पुलिस के पास मदद मांगने भी नहीं जाते हैं। जिससे उनके हौसले बुलंद हैं।

### चोरी का माल बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** झाड़ोल थाना पुलिस ने मोहम्मद फलासिया स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सामान चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी किया माल बरामद किया। प्रकरण के अनुसार 3 अप्रेल 25 को डॉ.अभिषेक देवतवाल चिकित्सालय अधिकारी राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मद फलासिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि अज्ञात चोर स्वास्थ्य केन्द्र का ताला तोड़ कर साामन चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने आसूचना व तकनिकी सहयोग से समिली जानकारी के अनुसार जदगीश पुत्र देवीलाल निवासी मोहम्मद पुलासिया तथा लालुराम पुत्र नकाराम निवासी मोहम्मद को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों की निशान देही से चोरी किया गया फ्रिज, एक प्रिंटर,सहित करीब एक लाख का सामान बरामद किया।

### पीड़ितों ने की कार्यवाही की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** विभिन्न सोसायटियों में निवेश करने पर शिकार हुए लोगों ने प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत बुधवार को कलक्ट्री के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान भूपालपुरा थानाधिकारी द्वारा अभद्रता करने से नाराज पीडितों ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज राजपुरोहित ने बताया कि आदर्श क्रेडिट कॉपरेटिव, सहारा इंडिया, संजीवनी भविष्या, सांई प्रसाद सहित विभिन्न कंपनियों सोसाईटियों में निवेश करने वाले जिले भर के पीडितों ने संसद द्वारा पारित बड्स एक्ट 2019 को प्रदेश में लागू करने एवं उदासीन राज्य सरकार को जगाने के लिए पीडितों ने बुधवार को मादल,थाली,ढोल बजाकर जिला कलक्ट्री के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान भुपालपुरा थाानाधिकारी आदर्श कुमार ने संगठन के प्रदेश महासचिव बंशीलाल तथा ऋषदेव महिला अध्यक्ष जशोदा के साथ अभद्र भाषा बोलते हुए हाथ पांव तोड़ने की धमकी देते हुए कलक्ट्री से बाहर निकलवा दिया। इस पर सभी प्रतिनिधियों एवं प्रदर्शनकारियों के उठा होने पर कलक्ट्री के बाहर बैठ कर खाना खाकर विरोध प्रदर्शन किया तथा ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर थाना अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री एडवोकेट भरत कुमावत, प्रदेश महासचिव बंशीलाल मीणा, जिलाध्यक्ष लालचंद मीणा, मनोरमा कोटारी आदि मौजूद रहे।

# हीट वेव प्रबंधन में कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : जिला कलक्टर



हीट वेव प्रबंधन को लेकर वीसी के माध्यम से बैठक लेते जिला कलक्टर नमित मेहता।

**उदयपुर, (कासं)।** जिला कलक्टर नमित मेहता ने कहा कि जीवन से बढ़कर कुछ नहीं है। प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लू-तापाघात से बचाव के लिए हर संभव बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में हीट वेव से न केवल मनुष्य अपितु पशु-पक्षी भी प्रभावित न हों। इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाएं। हीट वेव प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कौताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला कलक्टर मेहता बुधवार को डीओआईटी सभागार में हीट वेव प्रबंधन को लेकर जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हीट वेव को लेकर राज्य सरकार की ओर से जारी एसओपी पर चर्चा करते हुए पीएचईडी, चिकित्सा, शिक्षा, पशुपालन, पंचायतीराज व नगरीय निकाय विभागों के अधिकारियों से बिन्दुवार जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय के साथ कार्य करते हुए सुनिश्चित करें कि जिले में हीटवेव के चलते किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हो। वीसी में एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, सीईओ जिला परिषद रिया डाबी, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, सीएमएचओ डॉ अशोक आदित्य, पीएचईडी एसई ललित नागौरी, एमबी अस्पताल के अधीक्षक डॉ आरएल सुमन सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

- आमजन के साथ के साथ पशु-पक्षियों के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दी हिदायत
- लू-तापाघात के बचाव के करें बेहतर प्रबंध : कलक्टर

जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थलों पर आमजन के लिए छाया, पेयजल की व्यवस्था की जाए। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी दाने-पानी की व्यवस्था रखें, निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, निर्धारित अंतराल में पेयजल आपूर्ति हो, पेयजल की दृष्टि से संवेदनशील चिन्हित गांवों की स्थिति पर नजर रखते हुए टैंकरों से जलापूर्ति प्रारंभ की जाए, नरेगा कार्यस्थलों पर छाया-पानी और जरूरी दवाईयों की व्यवस्था रहे, चिकित्सा संस्थानों में राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी की बैठक कर जरूरी संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अस्पतालों में पेयजल, बिजली आपूर्ति, पंखें-कूलर की उपलब्धता, जरूरी दवाओं की उपलब्धता, डेडिकेटेड वार्ड आदि सुनिश्चित किया जाए, उपखण्ड अधिकारी अपने क्षेत्र की गौशालाओं व नंदी शालाओं का अवलोकन कर हीट वेव से बचाव की व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यकतानुसार प्रबंध कराएं ,निजी व राजकीय विद्यालयों में हवा-पानी व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाए। ,भीषण गर्मी के दौर में बच्चों की आउटडोर गतिविधियां नहीं की जाएं।

# जैन समाज के सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप से गूंजा शहर



दिव्य नवकार महामंत्र जाप बडी संख्या में लोगों की उपस्थिति में हुआ।

**उदयपुर, (कासं)।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 9 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में 100 से अधिक देशों और 6 हजार से अधिक स्थानों पर नवकार महामंत्र का जाप एक नियत समय पर प्रात: 8.01 बजे से 9.36 बजे तक हुआ। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

उदयपुर जीतो चेप्टर अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने बताया कि विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर दिव्य नवकार महामंत्र जाप बडी संख्या में लोगों की उपस्थिति में हिरण मगरी सेक्टर 4 स्थित विद्या निकेतन स्कूल ग्राउंड पर आयोजित हुआ जिसमें जैन समाज के साथ सर्व धर्म के समाजजन भी हजारों की संख्या में सहभागी बने। जैन समाज के अलावा भी सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने अन्य लोगों के साथ नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में नवकार महामंत्र का जाप किया। इसके बाद उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नवकार महामंत्र का ये दर्शन विकसित भारत के विजन से जुडता है। मैंने लाल किले से कहा है- विकसित भारत यानी विकास भी, विरासत भी। एक ऐसा भारत जो रुकेगा नहीं, ऐसा भारत जो थमेगा नहीं। जो ऊंचाई छुएगा, लेकिन अपनी जडों से नहीं कटेगा।मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक रहा और उन्होंने सबका आभार जताया। एक साथ सब ने सामूहिक रूप से नवकार महामंत्र का जाप किया। मंच से महिलाओं पुरुषों ने जाप कराया और पांडाल से सब साथ के साथ नवकार जाप करते गए। नवकारसी के लाभार्थी अनिल, योगेश मेहता थे एवं विशेष सहयोगी ओम प्रकाश चपलोत को सम्मानित किया।

- विद्या निकेतन स्कूल ग्राउंड में हजारों की संख्या में मौजूद जन मैदिनी ने गाया नवकार महामंत्र

## कार्यकारिणी का विस्तार दिलाई शपथ

**राजसमंद, (निसं)।** श्री नामदेव समाज संघ (छीपा समाज) आम मेवाड चौखला कमेटी क्षेत्र आकोला एवं नामदेव (गहलोत) छीपा समाज समिति कांकरोली के संयुक्त तत्वधान में बुधवार को कांकरोली स्थित नामदेव मन्दिर परिसर में हुई बैठक में चौखला कार्यकारिणी का विस्तार कर शपथ दिलाई गई। वहीं समाज उत्थान से जुडे विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय किए गए। प्रारम्भ में सभी सदस्यों ने भक्त शिरोमणी नामदेव की छवि पर माल्यार्पण कर वंदन किया।

इसके बाद चौखला क्षेत्र अध्यक्ष सुरेशचन्द्र दिलोदरा, कोषाध्यक्ष मदनलाल उदयवाल, मंत्री ललित कुमार तलाईच एवं श्री नामदेव (गहलोत) छीपा समाज समिति अध्यक्ष गोपाललाल बगेरवाल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम डिग्गीवाल, मंत्री धीरज सरावगी व संरक्षक मण्डल सदस्य शंकरलाल बाकलीवाल, कल्याणमल बगेरवाल के सान्निध्य में बैठक की कार्रवाई शुरू हुई। इस अवसर पर प्रवक्ता रमेश पीलिया ने कार्यकारिणी के विस्तार, समाज हित एवं विकास के लिहाज से आम समाजजन की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति की भूमिका अहम होती हैं तथा इससे ही कोई भी समाज उन्नति कर सकता है। इसी क्रम में संरक्षक मण्डल सदस्य शंकर बाकलीवाल ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाते हुए समाज हित को सर्वोपरी रखकर कार्य करने एवं सामाजिक एकजुटता बढाने का आव्हान किया।

## सार-समाचार

### प्रतिष्ठा महोत्सव 18 से

**बांसवाड़ा,(निसं)।**18 से 20 अप्रेल तक शहर के सिंहवाव स्थित श्री कपिल गणेश एवं श्री केदारेश्वर महादेव मन्दिर के पुनर्प तिष्ठा महोत्सव में अन्य देव देवताओं की मूर्तियों की स्थापना के साथ ही वैदिक विधि.विधान और धर्मशास्त्रीय परम्पराओं के अनुरूप नौ कुण्डीय यज्ञार्चन महानुष्ठान भी होगा। इस विशाल समारोह को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी हैं। श्री कपिल केदारेश्वर मन्दिर विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष त्रिवेदी एवं सचिव अनन्त जोशी ने तीन दिवसीय महोत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि 18 अप्रेल को प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारम्भ होने से पहले 17 अप्रैल की शाम को प्रायश्चित कर्म के अंतर्गत हेमाद्रि स्नान व इसके बाद भजन संध्या का आयोजन होगा। 18 अप्रेल को प्रात: 8 बजे विनायक स्तवन एवं पूजन अर्चन से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत होगी। इसके उपरान्त दिन भर ग्रह शान्ति, मातृका पूजन, पुण्याहवाचन, मण्डप प्रवेश, गणेश याग, कुटीर होम आदि अनुष्ठान होंगे तथा शाम 6 बजे से विधान के अनुसार देव प्रतिमाओं की नगर यात्रा प्रारम्भ होगी। 19 अप्रेल को प्रात: 8 बजे द्वितीय दिवसकालीन अनुष्ठान आरंभ होंगे। इसके अन्तर्गत स्थापित देवताओं का पूजन, शिव याग, देव प्रतिमाओं का अधिवासए दिक्षु होम, प्रासाद वास्तु, तत्त्व न्यास, शैय्याधिवास विधान निर्धारित हैं। अंतिम दिन 20 अप्रेल को प्रात: 7 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रात: 8 बजे धार्मिक अनुष्ठानों का क्रमआरंभ होगा। इसमें स्थापित देवताओं के पूजन.अर्चन के उपरान्त शान्ति.पौष्टिक हवन, मूर्ति प्रतिष्ठाए शिखर प्रतिष्ठा अनुष्ठान होंगे। मध्याह्न 12 बजे यज्ञ पूर्णाहुति एवं महाआरती होगी तथा दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी का आयोजन आरंभ होगा।

### महावीर जयंती आज

**भीण्डर, (निसं)।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के अवसर पर 10 अप्रैल गुरूवार को महावीर जयंती मनाई जायेगी। महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार शाम को सकल जैन समाज के तत्वावधान में वाहन रैली निकाली गई। वहीं गुरूवार सुबह 9 बजे महावीर जयंती के अवसर पर भीण्डर के रावलीपोल स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर से शोभायात्रा निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए मन्दिर पहुंचेगी। षोभायात्रा में सकल जैन समाज के समस्त समाजज षामिल होंगे।हाथों में पताका लहराते और जयकारों के साथ निकली वाहन रैली वाहन रैली भीण्डर स्थित अतिशय क्षेत्र ध्यान डूंगरी से शाम करीब 7 बजे रवाना हुई। जिसमें सबसे आगे बैण्डबाजे पर भगवान महावीर स्वामी के भक्तिमय गीत चल रहे थे। इनके पीछे महिलाएं हाथों में जैन समाज का झण्डा लेकर जयकारे लगाते हुए पैदल चल रही थी। बच्चें साइकिलों पर तो युवा मोटरसाइकिलों पर समाज के झण्डे के साथ जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वाहन रैली ध्यान डूंगरी से रवाना होकर साठड़िया बाजार, रावलीपोल, सदर बाजार, सर्राफा बाजार, मोचीवाड़ा, बाहर का शहर, रामपोल बस स्टेण्ड, हॉस्पिटल रोड, कालिका माता रोड होते हुए पुनरू ध्यान डूंगरी पहुंच करके सम्पन्न हुई।

### तांत्रिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने तांत्रिक व साथी के खिलाफ तांत्रिक विद्या जरिये समस्या का समाधान करने का झांसा देकर पीडित से नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता कृतिका सोनी पुत्री विजय सोनी निवासी हिरणमगरी सेक्टर गायत्रीनगर सेक्टर 5 ने जयपुर निवासी नितिन शर्मा व साथी कार्तिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि समाचार पत्र में विज्ञापन देख कर दिए गए नंबरों पर संपर्क किया। जून 23 से फरवरी 25 तक की गई बातचीत के दौरान नितिन को मैने अपनी समस्या बताई। इस पर उसने समाधान का आश्वासन दिया। इस पर उसके कहे अनुसार मैंने 7 लाख रूपये का आरोपी को भुगतान किया। कुछ समय बाद समस्या का समाधान नहीं होने पर संपर्क किया तो फोन बंद मिला।

### यूथ फेस्टिवल प्री-इवेंट्स का समापन

उदयपुर, (कासं)। दो दिवसीय इंटर-कॉलेज यूथ फेस्टिवल प्री-इवेंट्स का समापन महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय सी टी ए ई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सी टी ए ई के डीन प्रोफेसर सुनील जोशी ने की उद्बोधन द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की उत्साही भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के समठा व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक हैं जो उन्हें अकादमिक जीवन के अलावा अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। कार्यक्रम के आयोजन सचिव और सहायक डीन (छात्र कल्याण), प्रोफेसर विक्रमादित्य देव ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कुल 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आज के कार्यक्रमों में संगीत, समूह नृत्य, समूह गीत, डुएट डांस, सोलो गीत, नाटक, मोनो एक्टिंग और वाचन प्रतियोगिता शामिल थीं।

## पहाड़ पर लगी आग

**बांसवाड़ा, (निसं)।** आंबापुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बदरेल खूर्द के गांव बड़ी बदरेल जागीर में पहाड़ पर आग लग गई। युवा जितेन्द्र सिंह डोडियार ने बताया कि मकानों तक रस्ता नहीं होने की वजह से फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाई। जिस पर ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन जंगल में जानवर और पेड़ पौधों को नुकसान हुआ। ग्रामीणों एवं वार्ड पंच हकरू डोडियार ने कहा कि अगर ग्राम पंचायत बदरेल खूर्द आमजन की सुविधा के लिए रास्ता निकालती तो फायर ब्रिगेड आसानी से पहुंचकर समय पर आग को काबू कर सकती थी।


**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2024-25/2936 दि. 19.3.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नारायण सिंह पिता रोड सिंहजी निवासी उलपुरा, तहसील आमेट, जिला-राजसमंद द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम धोइन्दा के आराजी नं. 3232/9 वगेरहा पट्टा संख्या 1493 दिनांक 24.3.2005 भूखण्ड सं. एल-17 का क्षेत्रफल 1200.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्त शुदा उक्त भूखण्ड सं. एल-17 का क्षेत्रफल 1200.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामान्तरण/ तामीर स्वीकृति चाही गई है। जिसके पड़ौस निम्नानुसार है:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 30' | पड़ौस | आम रास्ता 30 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 30' | पड़ौस | प्लॉट सं. एल-2 |
| उत्तर | 40' | पड़ौस | प्लॉट सं. एल-16 |
| दक्षिण | 40' | पड़ौस | प्लॉट सं. एल-18 |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण में जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद, राजसमंद



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2420 **आम सूचना** दिनांक :- 4/4/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान / वसीयत/हक त्याग / विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल (वर्गफीट) | राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या | आवेदक का नाम / पिता का नाम | मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1 (MUT No. 10496) | 1985.90 | सुन्दरवास खसरा न. 55 | श्री गोपाल कृष्ण पालीवाल पिता स्व. श्री श्याम लाल पालीवाल निवासी- राज श्री कॉलोनी, बोहरा गणेश जी रोड, उदयपुर | श्रीमती भंवर देवी पालीवाल पत्नी स्व. श्याम लाल पालीवाल का स्वर्गवास दिनांक 02.04.2024 को होने पर उनके वारिसानों द्वारा किए गए पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 17-01-2025 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है। |

अत: उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र/लीजडीड जारी की जा सकेगा। **डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर**



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक: F 7 (12) PLAN/ LANDUSE/2024-25/630 दिनांक :9/4/2025

**आम-सूचना**


सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध में प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम /योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गोपाल चौधरी पिता स्व.श्री मनोहर लाल चौधरी एवं श्री भुपेश चौधरी पिता स्व.श्री मनोहर लाल चौधरी | बेडवास | 1482 मीन | 01 | 5132.00 वर्गफीट | प्रतानगर चौराहे से देबारी चौराहे को जाने वाली 200 फीट सडक पर रकमपुरा जाने वाली सड़क पर कॉर्नर के रूप रूप में स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**


# जलाशयों के आवक मार्ग से अतिक्रमण हटाया



गिफ्ट गैप सागर तालाब के जल जावत मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हटाती जेसीबी।

**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर की हृदयस्थली कहे जाने वाली गेपसागर झील के साथ ही पातेला, घाटी जलाशयों की लम्बे समय बाद अब प्रशासन ने सुध ली है। अतिक्रमियों की ओर से झील के जल आवक मार्ग को बाधित करने के खिलाफ कलेक्टर अंकित कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार से नगर परिषद और राजस्व विभाग की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है।

गेपसागर झील पिछले कुछ सालों से दुर्दशा की शिकार हो रही है। झील के जल आवक मार्गों पर अतिक्रमियों द्वारा अतिक्रमण कर बाधित करने से झील में पानी की आवक नहीं हो रही है। जिसकी कई बार शिकायतें भी की गई। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने नगर परिषद और राजस्व विभाग की टीम को सर्वे करवाने के निर्देश दिए थे। सर्वे में अतिक्रमणों को चिह्नित किया गया। जल आवक मार्गों पर अतिक्रमणों को चिह्नित करने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार से नगर परिषद और राजस्व विभाग की टीम ने जल आवक मार्गों को खोलने का अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत टीम की ओर से सारनेश्वर महादेव मंदिर के पास से निकल रहे नाले पर भराव कर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। टीम ने बताया कि नाले पर जगह-जगह पर मिट्टी का भराव किया गया है। जिसको जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। वहीं शेष चिह्नित अतिक्रमणों को भी जल्द हटाते हुए जल आवक मार्गों को खोला जाएगा।

# वित्त समिति की बैठक में साठ करोड़ का वार्षिक बजट पारित



वित्त समिति की बैठक कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में हुई।

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि की एग्जीक्युटिव कौंसिल, वित्त समिति एवं एकेडमिक कौन्सिल की बैठक बुधवार को प्रतापनगर स्थित कुलपति सचिवालय के सभागार में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि बैठक वर्ष 2025-26 का 60 करोड़ का वार्षिक बजट एवं पेरामेडिकल के नवीन पाठ्यक्रमों को संचालित करने की स्वीकृति दी गई। उन्होंने कहा कि आने वाला समय चुनौतियों से भरा है एआई का समय आने वाला है। हमें इन सभी चुनौतियों का सामना करना है। प्रत्येक संकाय सदस्य से स्वयं पोर्टल से पांच पाठ्यक्रम शुरू करने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि बॉम अब एग्जीक्युटिव कौंसिल कहलायेगी। कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि 1987 में डीम्ड विवि बनने के समय युजीसी ने पांच कोर्स को मान्यता दी गई थी लेकिन आज संस्थान 150 से अधिक कोर्स युजीसी से मान्यता प्राप्त कर संचालित कर रहा है। यह सब संस्था के निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत संभव है। 11 अप्रेल को विवि का 20वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को डी.लिट की उपाधि से नवाजा जायेगा।

- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को दी जायेगी डी. लिट की उपाधि
- विद्यापीठः बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट कहलायेगी अब एग्जीक्युटिव कौंसिल

बैठक में संस्थान द्वारा छात्रों के शैक्षणिक एवं फैकल्टीज के अकादमिक विकास के लिए देश, विदेश की विभिन्न संस्थान व विश्वविद्यालयों से किये एमओयू को स्वीकृति दी गई। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि बैठक में नयी शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के साथ ही, नयी शिक्षा नीति के अनुसार सत्र 2025-26 में नवीन पाठ्यक्रमों को संचालित करने व नवीन प्रोफेशनल कोर्स को शुरू करने की स्वीकृति दी गई जिसमें दो वर्षीय पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, दो वर्षीय एमएससी नर्सिंग, पाच वर्षीय नर्सिंग प्रेक्टिस, पेरामेडिकल कोर्सेस, आरसीआई से बेचलर ऑफ ओक्युपेशनल थेरेपी, पीएचडी को शुरू करने की स्वीकृति दी गई। इंडियन नॉलेज सिस्टम पर कार्य शुरू करने एवं विश्वविद्यालय में आईकेएस सेंटर बनाने की घोषणा की गई।

आमजन को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर व अन्य माध्यमों से जागरूक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में दिल्ली विधानभा के पूर्व अध्यक्ष योगानंद शास्त्री, कोटा खुला विवि के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी, सीए कमलेश आचार्य ऑन लाईन जुडे। इसके अलावा रजिस्ट्रार डॉ. तरूण श्रीमाली , पीजीडीन प्रो. जीएम मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, प्रो. रश्मि बोहरा, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. शैलेन्द्र मेहता, डॉ. युवराज सिंह, प्रो. मंजु मांडोत, डॉ. लीली जैन, प्रो. सरोज गर्ग, प्रो. गजेन्द्र माथुर, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, भगवती लाल श्रीमाली उपस्थित थे।